दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 273 | इंदौर, गुरुवार 13 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline


- UP Nikay Chunav 2023: 78 साल की उम्र में 97 बार हार चुके चुनाव, हसनुराम एक बार फिर से चुनावी मैदान में
- Opposition Unity: 'न जाने किस किस के सामने झुकेंगे नीतीश...', विपक्षी एकता पर भाजपा नेताओं का तंज
- शर्मनाक: सरकारी छात्रावास की टंकी पर लगाया पोस्टर; लिखा- अनुसूचित जाति की छात्राएं पूछकर ही लें पानी
- Bathinda on Alert: 24 घंटे बाद भी नहीं लगा चार आर्मी जवानों के कातिलों का सुराग, सर्च अभियान जारी
- IPL 2023: चेन्नई को लग सकता है बड़ा झटका, धोनी को लगी चोट गंभीर, यह पेसर भी अगले दो हफ्ते के लिए टीम से बाहर
- US: छंटनी के बावजूद भारतीय प्रोफेशनल्स को मिले अमेरिका में रहने की इजाजत, अमेरिकी सांसदों की USCIS से मांग

# कोरोना : सताने लगी चिंता

## 24 घंटे में मिले 12 मरीज, महीनों बाद 50 पार हुई उपचाररत मरीजों की संख्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कोरोना संक्रमण एक बार फिर सिर उठाने लगा है। बुधवार को 24 घंटे के दौरान इंदौर में 12 कोरोना संक्रमित मिले। इसके साथ ही इंदौर में कोरोना के उपचाररत मरीजों की संख्या 52 पहुंच गई। चिंता की बात यह है कि बुधवार को सिर्फ 155 सैंपल जांचे गए थे। इनमें से 12 में संक्रमण की पुष्टि हुई। यानी संक्रमण दर 7.74 प्रतिशत रही। विशेषज्ञ भी मान रहे हैं कि शहर में कोरोना के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।



इंदौर में कोरोना का पहला संक्रमित 24 मार्च 2020 को मिला था। इसके बाद से अब तक शहर में 212709 कोरोना मरीज मिल चुके हैं। इस दौरान 3881200 सैंपल जांचे गए। राहत की बात यह है कि संक्रमितों में से 211187 कोरोना को हराकर पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। बुधवार को भी चार लोगों ने बीमारी को हराया और कोरोना मुक्त हुए।

### स्वतंत्रता संग्राम सैनानी की मौत ने बढ़ाई चिंता

इधर बुधवार को हुई स्वतंत्रता संग्राम सैनानी नवलकिशोर शर्मा की मौत ने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। शर्मा को सांस लेने में दिक्कत के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। 2 अप्रैल को उनमें कोरोना की पुष्टि हुई थी बावजूद इसके वे घर पर ही थे। 8 अप्रैल को तबीयत बिगडऩे पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बुधवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। शहर में इसके पहले जनवरी 2023 के पहले सप्ताह में कोरोना से अंतिम मौत हुई थी।

शहर में अब तक कोरोना की वजह से 1471 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि अनाधिकृत आंकड़े इससे कहीं ज्यादा मौत होने की बात कह रहे हैं। श्वसन तंत्र विशेषज्ञ डा.रवि डोसी भी मानते हैं कि कोरोना संक्रमण बढ़ रहा है। उनका कहना है कि कोरोना के गंभीर मरीज भी देखने को मिल रहे हैं हालांकि इनमें ज्यादातर बुजुर्ग हैं और कई बीमारियों से पहले ही से पीड़ित हैं।

### जबलपुर में मिले कोरोना के पांच नए मरीज, खतरा बढ़ा

कोरोना महामारी का खतरा बढऩे लगा है। बीते 24 घंटे में कोरोना के पांच नए मरीज सामने आए। जिसके बाद जिले में इसके सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। वायरोलाजी लैब द्वारा बुधवार को 44 सैंपल की रिपोर्ट जारी की गई। जिसमें पांच की रिपोर्ट पाजिटिव, 32 की निगेटिव रही जबकि सात सैंपल अमान्य कर दिए गए। बुधवार को 45 संदिग्धों के सैंपल कोरोना जांच के लिए भेजे गए। सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि करीब एक सप्ताह से मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इसलिए नागरिकों को सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। हालांकि कोरोना के सभी मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। किसी भी मरीज को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ रही है। घर से जब भी निकले जब बहुत ही आवश्यक कार्य हो। घर से निकलने के पहले शरीर को पूरा ढंक लें। मास्क पहनें, भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में जाने से बचें।

# फूलसिंह कुवाल के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर**। अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रदीप अहिरवार जी ने मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति विभाग में 17 प्रदेश उपाध्यक्ष और 18 प्रदेश संयोजक की नई नियुक्ति की गई है श्री प्रदीप अहिरवार इंदौर से फूलसिंह कुवाल जो पूर्व में शहर अध्यक्ष थे श्री अहिरवार फूलसिंह कुवाल को बड़ी जवाबदारी देते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश संयोजक बनते ही तन्मय सिलावट ने अपने पद से इस्तीफा दिया तन्मय ने बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेज दिया है कुवाल की नियुक्त पर श्री विनय बाकलीवाल, रूपेश लोदवाल, सुनील चौधरी, मुकेश गोमे,आशीष सुनहरे,जीतू राजलवाल,गोलू निहोरे, सतीश गोमे,मनीष सुनहरे, लखन सूर्यवंशी सहित अनेक कांग्रेसी नेताओं ने बधाई दी।

## परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा में मातृशक्ति भी पूरी ताकत से निकलेगी सड़कों पर

**इंदौर**। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को निकलने वाली भव्य शोभायात्रा के लिए अब ब्राह्मण समाज की मातृशक्ति ने भी कमर कस ली है। सोमवार को हंसदास मठ पर महानगर के विभिन्न महिला संगठनों की बैठक में सवार्नुमति से शोभायात्रा को सफल एवं सार्थक बनाने हेतु सड़कों पर आने का संकल्प लिया गया। बैठक में 220 महिलाओं ने अपने विचार एवं सुझाव रखे। शोभायात्रा की सह प्रभारी श्रेष्ठा जोशी ने संचालन किया। बैठक में निहारिका शर्मा, पूनम मिश्रा, वर्षा शर्मा, प्रमिला शर्मा, मोनिका दुबे, अनीता नामदेव, ममता शर्मा, मोनिका शर्मा ने सभी संगठनों की मातृशक्तियों का स्वागत किया। परशुराम महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पं. गोविंद शर्मा एवं प्रदेश प्रभारी पं. संजय मिश्रा ने महिला संगठनों की सक्रियता को सामाजिक क्रांति एवं एकता का सूचक बताते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## स्वास्थ्य सेवाओं में कसावट के लिए अधिकारियों को तलब किया मंत्री सिलावट ने

### रेसीडेंसी कोठी में सांवेर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए की समीक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज सांवेर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में कसावट के लिए चिकित्सा विभाग के संबंधित डॉक्टरों को तलब किया। रेसीडेंसी कोठी में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की उपस्थिति में उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासकीय अस्पतालों में आम आदमी चिकित्सा के लिए पहुंचता है, तो उन्हें पूरी सुविधाएँ मिलना चाहिए। श्री सिलावट ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए उन्होंने सांवेर विधानसभा क्षेत्र और इंदौर जिले में स्वास्थ्य सेवा के उन्नयन के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य स्वीकृत कराए थे। इन सभी का फायदा इंदौर के ग्रामीण अंचल विशेषकर ग्रामीण अंचल के नागरिकों को मिलना चाहिए। बैठक में एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डॉ. सुमित शुक्ला, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस सैत्या, डॉ. अमित मालाकार, एसडीएम सर्वश्री रविश श्रीवास्तव, श्री शाश्वत शर्मा, श्री अक्षय सिंह मरकाम, श्रीमती विशाखा देशमुख एवं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं चिकित्सक गण उपस्थित थे।

मंत्री श्री सिलावट ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण कार्यों की एक-एक कर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। सभी निर्माण कार्य उन्होंने ग्रीष्मकाल की समाप्ति के साथ ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि खुडेल तथा कदवाली बुजुर्ग और के अस्पतालों का निर्माण 30 अप्रैल तक पूर्ण हो जाएगा। मंत्री श्री सिलावट ने जिंदाखेड़ा के निमार्णाधीन अस्पताल के कार्य के प्रति असंतोष जताया और शीघ्र ही ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में क्षिप्रा में अस्पताल को अच्छी तरह संचालित करने पर यहाँ नियुक्त डॉक्टरों की सराहना की। यहाँ की एक किलोमीटर के एप्रोच रोड सुधारने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए गए। मंत्री श्री सिलावट ने सांवेर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यहाँ प्रत्येक समय डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित रहनी चाहिए और जो कार्य अधूरे हैं उन्हें पूरा कराया जाए। अस्पताल में साफ-सफाई की भी बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। मंत्री श्री सिलावट ने सांवेर एसडीएम श्री रविश श्रीवास्तव से स्वयं अस्पताल की निगरानी करने के लिए कहा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि कनाड़िया में अस्पताल और तहसील भवन का निर्माण एक बड़ी उपलब्धि है। इसका गुणवत्तापूर्ण निर्माण किया जाए। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी शामिल होंगे। बैठक में गारी पिपलिया में अस्पताल निर्माण के लिए भूमि की समस्या सुलझाने के निर्देश एसडीएम को दिए गए।

# महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने किया जलूद वॉटर पंपिंग स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण

## पानी टेस्टिंग लेब के साथ ही पूरे ट्रीटमेंट प्लांट को समझा महापौर ने

- निरीक्षण के दौरान जल कार्य प्रभारी और कार्यपालन यंत्री भी रहे मोजूद
- शहर में पानी लाने के लिए बिजली का भारी खर्च उठाना पड़ता है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **आगामी ग्रीष्मकाल में शहर की जल व्यवस्था व सोलर एनर्जी के संबंध में महेश्वर के जलुद वॉटर पंपिंग स्टेशन व वॉचु पॉइन्ट प्लांट का महापौर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर श्री भार्गव साथ जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा, कार्यपालन यंत्री संजीव श्रीवास्तव, अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा मां नर्मदा नदी से नर्मदा के विभिन्न चरणो के माध्यम से इंदौर शहर में जलप्रदाय व्यवस्था के क्रम जलूद के पंपिंग स्टेशन का अवलोकन किया गया। कार्यपालन यंत्री श्री श्रीवास्तव ने महापौर को बताया की बताया कि किस प्रकार से नर्मदा के विभिन्न चरणो इंदोर की पेजलय व्यवस्था का संचालन किया जाता रहा है, किस प्रकार से विभिन्न पंपिंग स्टेशन, फिल्टर प्लांट व जल शुद्धीकरण प्लांट तथा मशीनरी के माध्यम से नर्मदा के जल को इंदौर शहर तक पहुंचाया जाता है। साथ ही वॉचु पॉइन्ट पर फिल्टर प्लांट व जल शुद्धीकरण के प्लांट का भी अवलोकन करते हुए, संबंधित अधिकारियो से जलप्रदाय कार्य की संपूर्ण कार्य योजना के संबंध में भी जानकारी ली गई।

श्री भार्गव द्वारा पानी टेस्टिंग लेब के साथ ही पूरे ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने के साथ जानकारी भी ली इसके साथ ही महापौर श्री भार्गव द्वारा जलूद में लगाये जाने वाले सोलर एनर्जी प्लांट का स्थल निरीक्षण करते हुए नर्मदा जल प्रदाय के कार्य में सोलर एनर्जी प्लांट की क्या भूमिका रहेगी, किस प्रकार से प्लांट काम करेगा इस संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई।महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को विभिन्न दिशा निर्देश भी दिए गौरतलब है कि जलूद से नर्मदा जी पानी को पंप कर के शहरवसियों तक पहुँचाया जाता है. इसके लिए बिजली का भारी खर्च भी निगम वहन करता है.

## योजना एवं सूचना प्रौद्योगिकी समिति की बैठक संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। योजना एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग प्रभारी राजेश उदावत की अध्यक्षता में समिति की निगम मुख्यालय में बैठक ली गई। बैठक में समिति सदस्य व पार्षद श्रीमती शिखा संदीप दुबे, श्री सुरेश कुरवाडे, श्री राजीव जैन, श्री गजानंद गावडे, सुश्री रूपाली पेढारकर, श्री मृदूल अग्रवाल, श्रीमती सीमा डाबी, भवन अनुज्ञा अधीक्षण यंत्री श्री अनुप गोयल, अधीक्षण यंत्री श्री महेश शर्मा, श्री अश्विन जनवदे, श्री दिनेश शर्मा व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। योजना एवं सूचना प्रौद्योगिकी समिति अध्यक्ष श्री राजेश उदावत द्वारा समिति के सदस्यो के साथ आईटी विभाग, भवन अनुज्ञा शाखा, लीज शाखा, योजना शाखा, रिमूव्हल शाखा, कालोनी सेल के विभिन्न विषयो पर समिति सदस्यो के साथ चर्चा की गई।

# टी.पी.एस. योजनाओं के किसानों को भू-अधिकार पत्र प्रदान किए गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। **विकास प्राधिकरण में आज एक सादे कार्यक्रम में टी.पी.एस. क्रमांक 3, 5 एवं 8 योजनाओं के किसानों को इन्दौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जयपालसिंह चावड़ा एवं पूर्व अध्यक्ष श्री मधु वर्मा ने भू-अधिकार पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार एवं मुख्य नगर नियोजक श्रीमती रत्ना बोचरे, भू-अर्जन अधिकारी श्री सुदीप मीणा एवं सहायक भू-अर्जन अधिकारी राजेश पारे उपस्थित थे।**

अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा ने इस अवसर पर कहाँ कि इन योजनाओं का विकास में गति आ गई है। चूंकि लेण्ड पुलिंग एक्ट 2019 के प्रावधानों के अंतर्गत योजनाओं की समयसीमा तय की गई है। अंतः विकास को तय समय में पूर्ण किया जाना आवश्यक है एवं इसमें समाविष्ट भूमियों के भू-धारको को उनकी भूमि के बदले 50 प्रतिशत विकसित भूखण्ड प्रदान किये जाने का प्रावधान है। टी.पी.एस. योजना क्रमांक 1 जिसका क्षेत्रफल लगभग 50 हेक्टेयर, टी.पी.एस. योजना क्रमांक 3 जिसका क्षेत्रफल लगभग 144 हेक्टेयर, टी.पी.एस. योजना क्रमांक-5 जिसका क्षेत्रफल लगभग 160 हेक्टेयर एवं टी.पी.एस. योजना क्रमांक-8 जिसका क्षेत्रफल लगभग 302 हेक्टेयर है, में शामिल बहुत से भू-धारको के भू-अधिकार पत्र प्रदान किये गये है। आज कई किसानों को भू-अधिकार पत्र प्रदान किये गये ।

योजना के विकास को लेकर चौतरफा दबाव के चलते हमनें जानबूझकर इन भू-अधिकार पत्रों को प्रदान किये जाने में कुछ विलम्ब किया, ताकि भूमि पर गाई गई फसल खराब न हो और किसान भाईयों को कोई अधिक नुकसान न हो सके। चूंकि फसल पक चुकी है एवं फसल कटाई का कार्य जोरो पर है। अतः भू अधिकारी प्रदान किये जाने की प्रक्रिया प्राथमिकता के साथ की जा रही है।

मुख्य कार्यपालिक अधिकारी आर.पी. अहिरवार ने बताया कि योजना के संबंध में कोई भी जानकारी या संशय की स्थिति में किसान उनसे सीधा सम्पर्क कर सकते है, परन्तु योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्र अतिशीघ्र किया जाना आवश्यक है।

# गायत्री शक्ति पीठ कनाडिय़ा का स्वर्ण जयंती महोत्सव प्रारंभ

- मुख्य कलश के साथ ही 1500 कलशों की निकली शोभायात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। गायत्री परिवार कनाडिय़ा ट्रस्ट द्वारा स्वर्ण जयंती महोत्सव की शुरूआत बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा में एक मुख्य कलश के साथ ही 1500 कलशों की शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में 5000 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुई। यात्रा में 28 राज्यों की विभिन्न वेशभूषा में शामिल बच्चे, युवतियां, एवं महिलाएं संपूर्ण यात्रा के मार्ग में आकर्षण का केंद्र रही। स्वर्ण जयंती महोत्सव पर आयोजित 5 दिवसीय महोत्सव के प्रथम दिन परिवार निर्माण, समाज निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण पर प्रभावी उद्बोधन भी मुख्य अतिथियों द्वारा दिया गया।

गायत्री शक्ति पीठ कनाडिय़ा संयोजक शंकरलाल शर्मा, सिद्धार्थ सराठे, मध्यप्रदेश जोन प्रभारी राजेश पटेल एवं उपझोन समन्वयक जे.पी. यादव एवं अनिल रावल ने बताया कि पांच दिवसीय स्वर्ण जयंती महोत्सव के प्रथम दिन कनाडिय़ा स्थित गुरूधाम गायत्री शक्तिपीठ स्थल से मुख्य कलश के साथ ही 1500 कलशों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के अग्र भाग में बैंड़-बाजों की स्वरलहरियों के बीच महिलाएं भजन-कीर्तन करती हुई चल रही थी तो वहीं दुसरी ओर 28 राज्यों की विभिन्न वेशभूषा में शामिल बच्चे, युवतियां एवं महिलाएं शोभायात्रा व कलश यात्रा में आकर्षण का केंद्र रही। कलशयात्रा गुरूधाम गायत्री शक्तिपीठ स्थल से प्रारंभ होकर कनाडिय़ा गांव के मुख्य मार्गों से निकली जहां विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मंच लगाकर यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में गायत्री परिवार से जुड़े 10 हजार से अधिक भक्त शामिल हुए थे। कलश यात्रा का प्रभार संतोष बहन (कनाडिय़ा) को सौंपा गया था।

## समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की कल इंदौर में सभा, महू भी जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर महू में इस बार जहां फिर प्रदेश के राजनीतिक दिग्गजों का जमावड़ा हो रहा है वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी अपने 2 दिन के दौरे पर कल इंदौर पहुंच रहे है। वे 14 तारीख को बाबा साहब की जयंती पर महू में कार्यक्रम में शामिल होंगे। कल शहर में एक सभा भी होगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इस बार अम्बेडकर जयंती के कार्यक्रम में शिरकत करने इंदौर आ रहे है। पार्टी ने विधिवत कार्यक्रम जारी किया है। कल सुबह 11.15 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और इसके पश्चात शहर में उनकी एक सभा भी होगी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश और कई जिलों के नेता- कार्यकर्ता इंदौर पहुंच चुके है। दो दिवसीय दौरे में बाबा साहब की जन्म स्थली महू के दौरे अलावा अन्य कार्यक्रम भी रखे गए है। शहर अध्यक्ष रजनीश जैन ने बताया कि दो दिनी दौरे का कार्यक्रम आज प्रदेश स्तर से अंतिम रूप से तैयार कर लिया जाएगा।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



# नाबालिग छात्रा से दोस्त ने किया दुष्कर्म

**● अश्लील वीडियो बनाकर करने लगा ब्लैकमेल**

**भोपाल। कमला नगर पुलिस ने एक स्कूली छात्रा की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट और मारपीट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपित से छात्रा की दोस्ती इंटरनेट मीडिया के जरिए हुई थी। किशोरी को आरोपित अपने दोस्त के कमरे पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह उसके अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करने के बाद आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।**

कमला नगर थाना पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी कक्षा 11वीं में पढ़ती है। करीब चार साल पहले इंटरनेट मीडिया के माध्यम से उसकी दोस्ती रातीबड़ निवासी आदित्य नामक युवक से हुई थी। जुलाई 2019 में आदित्य छात्रा को काम के बहाने अपने दोस्त के घर लेकर पहुंचा और अकेलेपन का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए थे, जिसे वह वायरल करने की धमकी देकर वह पीड़िता का शोषण करने लगा। कुछ समय पहले छात्रा ने उससे मिलने से इंकार किया तो उसने छात्रा के साथ मारपीट कर दी। उसके बाद किशोरी ने उससे बातचीत बंद कर दी। दो दिन पहले आरोपित आदित्य ने किशोरी के परिजनों को फोन कर दिया। परिजनों ने जब छात्रा से इस बारे में पूछताछ की तो उसने आदित्य की करतूत के बारे में बताया। इसके बाद छात्रा ने स्वजन के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

# उपार्जन केंद्र पर अधिक गेहूं तौल लगा रहे थे किसानों को चपत, समिति प्रबंधक निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। जिले में किसानों से गेहूं खरीदी का कार्य उपार्जन केंद्रों पर चल रहा है। इन केंद्रों पर गेहूं तुलाई में गड़बड़ी बरती जा रही है।इसकी शिकायत निरंतर कलेक्टर को मिल रही थी। इससे कलेक्टर ने बुधवार को उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी तो पता चला कि एक केंद्र पर फर्जीवाड़ा कर 220 ग्राम अधिक गेहूं तौल रहे थे। गड़बड़ी मिलने पर कलेक्टर आशीष सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए समिति के प्रबंधक को निलंबित कर दिया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि किसानों से यदि गेहूं खरीदी में गड़बड़ी की गई तो केंद्र संचालकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।**

## 50 किलो 580 ग्राम की तुलाई में कर रहे थे हेरफेर

ग्राम पंचायत तूमड़ा के उपार्जन केंद्र पर कलेक्टर आशीष सिंह बुधवार को निरीक्षण करने पहुंचे। जहां एक किसान ने अपनी शिकायत में बताया कि तूमड़ा समिति द्वारा एक बोरे में 50 किलो 580 ग्राम के स्थान पर 50 किलो 800 ग्राम की तुलाई की जा रही है। इस पर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद जिला आपूर्ति अधिकारी मीना मालाकार, एसडीएम आकाश श्रीवास्तव, तहसीलदार चंद्रशेखर श्रीवास्तव को जांच करने के निर्देश दिए। जब अधिकारियों ने जांच की तो पता चला कि किसानों से प्रति बोरा निर्धारित मात्रा से अधिक गेहूं तौल में लिया जा रहा है। जांच में अनियमितता मिलने पर कलेक्टर ने समिति के प्रबंधक मनोज माली को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं।

## सभी केंद्रों पर बैठने व पानी की व्यवस्था के निर्देश

कलेक्टर ने केंद्रों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त छायादार बैठने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा पीने के पानी की उचित व्यवस्था की जाए। किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। बता दें कि सहकारी समिति तूमड़ा द्वारा धनवंती वेयरहाउस पर उपार्जन केंद्र संचालित किया जा रहा है।

## बनाए गए हैं 85 उपार्जन केंद्र

जिला आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार ने बताया कि जिले में गेहूं खरीदी के लिए 85 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए है। इन सभी केंद्रों पर किसान स्लाट बुक कर पूर्व से ही टोकन लेकर गेहूं का विक्रय कर सकेंगे। अब तक 11 हजार 390 किसानों से कुल 1 लाख 4861 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी की जा चुकी है।जबकि पिछले साल 2.36 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी की गई थी।

# वनकर्मियों को अधिकार मिला, लेकिन बंदूकें चलाने योग्य नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

बुरहानपुर। गृह विभाग की हरी झंडी मिलने के बाद वन विभाग ने वनकर्मियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी करते हुए उन्हें विशेष परिस्थितियों में बंदूक चलाने का अधिकार दे दिया है। इसके लिए एसओपी (स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसिजर) भी जारी कर दिया गया है, लेकिन वन विभाग के पास उपलब्ध करीब बीस साल से ज्यादा पुरानी थ्री नाट थ्री बंदूकें ही चलाने योग्य नहीं बची हैं। इसके साथ ही सालों से शस्त्रागार में रखे कारतूसों की जीवन अवधि भी बीत चुकी है। तीन साल से ज्यादा पुराने कारतूसों को सिर्फ प्रशिक्षण में किया जाता है। जिसके चलते अधिकार मिलने के बावजूद वनकर्मियों को आत्मरक्षा करने में खासी जद्दोजहद करनी पड़ सकती है। जिले में उपलब्ध वन अमले के मान से बंदूकें भी कम हैं।

## ● वनकर्मियों को देना होगा हथियार चलाने का प्रशिक्षण

जानकारी के मुताबिक बुरहानपुर जिले में करीब 225 वनकर्मी तैनात हैं। जबकि विभाग के पास लगभग 100 बंदूकें ही उपलब्ध हैं। अब तक वनकर्मियों को बंदूक चलाने का अधिकार नहीं होने के कारण उनके प्रशिक्षण पर भी ध्यान नहीं दिया जाता था। जिले में पिछली बार दिसंबर 2020 में औपचारिक चांदमारी कराई गई थी। ऐसे में उनसे अचूक निशाने की उम्मीद नहीं की जा सकती। इस अधिकार का सही उपयोग कराने के लिए वनकर्मियों को नए व आधुनिक हथियार उपलब्ध कराने के साथ ही प्रशिक्षित भी कराना होगा।

## ● अतिक्रमणकारियों ने छीन ली थी बंदूकें

प्रदेश के अति संवेदनशील वन मंडलों में शामिल बुरहानपुर जिले में गत 28 नवंबर को नावरा रेंज की वन चौकी बाकड़ी से अतिक्रमणकारियों द्वारा 17 बंदूकें लूट ली गई थीं। इसके साथ ही तीन साल में वनकर्मियों पर पंद्रह से ज्यादा हमले हो चुके हैं। जिनमें वन और पुलिसकर्मियों के घायल होने के साथ ही वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है। इससे पहले अतिक्रमणकारियों ने जंगल में गए वनकर्मियों की कुछ बंदूकें भी छीन ली थीं। गोली चलाने का अधिकार नहीं होने के कारण वनकर्मियों ने अपनी बंदूकें विभाग के पास जमा करा दी थीं। इन्हीं घटनाओं को देखते हुए वन विभाग ने अब जाकर वनकर्मियों को बंदूक चलाने का अधिकार दिया है।

## ● सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

वन विभाग द्वारा जारी एसओपी में कहा गया है कि प्रदेश के पचास वन मंडल और 120 चौकियों में शस्त्रागार बनाए जाएंगे। इनमें दो अलग-अलग कक्षों में बंदूक, कारतूस व गोला बारूद रखा जाएगा। इसकी निगरानी चौबीस घंटे सीसीटीवी कैमरों से होगी। शस्त्रागार में चौबीस घंटे पांच वनकर्मी सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। अधिकारी समय-समय पर इनका निरीक्षण करेंगे। ये शस्त्रागार पुलिस विभाग के मापदंड अनुसार बनाए जाएंगे।

## ● बारह चौकियों से करते हैं सुरक्षा

बुरहानपुर जिले में वन विभाग के दो सब डिवीजन बुरहानपुर और नेपानगर हैं। जिले में आठ रेंज और 12 वन चौकियां हैं। जिनके माध्यम से वनों की सुरक्षा की जाती है। आठ रेंजों में बुरहानपुर, शाहपुर, बोदरली, खकनार, धूलकोट, असीर, नेपा और नावरा शामिल हैं। सर्वाधिक संवेदनशील धूलकोट, असीर, नेपा ओर नावरा रेंज हैं।

# राजस्थान की गर्म हवा की दस्तक

**● गर्मी ने पकड़ी रफ्तार 48 घंटे में 41 पर पहुंच तापमान**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर। राजस्थान से आ रही गर्म हवा से शहर का मौसम बदल गया है। बुधवार को अधिकतम तापमान 39.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामानय् से 0.9 डिसे अधिक रहा। इससे दिन में गर्म हवा के थपेड़ों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचने के आसार जताए हैं। गर्मी और बढ़ोतरी होगी। 15 अप्रैल को नया पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इसके सक्रिय होने के बाद गर्मी से कुछ राहत मिलेगी।

गर्मी के सीजन के 43 दिन बीत गए हैं। अभी तक शहर ने भीषण गर्मी का सामान नहीं किया है। अप्रैल का दूसरा सप्ताह में लू का प्रभाव रहता है, जिसकी वजह से शहर में भीषण गर्मी रहती है, लेकिन इस बार वैसी स्थिति नहीं है। गर्मी से काफी राहत थी, लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण गर्मी से राहत रही। राजस्थान की गर्म हवा ने शहर का मौसम बदल दिया। सुबह आसमान साफ रहने से सूरज की तल्खी बढ़ गई। दोपहर में गर्म हवा व सूरज की तल्खी की वजह से तापमान बढ़ गया। दोपहर में जलन का अहसास हुआ। शहर में एसी व कूलर चालू हो गए, जिसकी वजह से बिजली की खपत में इजाफा हुआ है। शाम को हल्के बादल भी छाए।

41 डिग्री पहुंच सकता है तापमानः जिस तरह से गर्मी अपने तैवर दिखा रही है। उससे लग रहा है कि आगामी 48 घंटे में यह गर्मी 41 डिग्री तक पहुंच सकता है। आगामी दिनों में तापमान इससे भी अधिक हो सकता है। अधिक तापमान की वजह से आगामी दिनों में घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में डॉक्टरों ने सावधानी रखने की सलाह दी है।

# संपादकीय

## बाजार में कमजोरी

रोजगार के मोर्चे पर मौजूदा स्थिति बनी रही, बड़ी तादाद में लोगों की क्रयशक्ति में लगातार आ रही गिरावट की वजह से मांग में नरमी बनी रही, तो इससे बाजार में प्रदर्शन में कमजोरी आएगी। जाहिर है, इसका सीधा असर उत्पादन में गिरावट और उसके मुताबिक भारत की आर्थिक वृद्धि दर पर पड़ेगा। यह दूसरे देशों की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर सकता है। कई बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो हालात पैदा होते हैं, उसका असर कमोबेश तमाम देशों पर पड़ता ही है। हालांकि आर्थिक वृद्धि दर के मामले में भारत के रिकार्ड को देखते हुए उम्मीद की जा रही थी कि आने वाले दिनों में इसका आंकड़ा छह फीसद से ज्यादा रहेगा। मगर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आइएमएफ ने अपने एक ताजा आकलन में चालू वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.1 फीसद से घटा कर 5.9 फीसद कर दिया है। कहा जा सकता है कि यह कोई बहुत बड़ा फेरबदल नहीं है, लेकिन आर्थिकी के ढांचे में इतना या इससे भी कम बिंदुओं पर आने वाले फर्क का अर्थव्यवस्था की समग्र तस्वीर पर व्यापक असर पड़ सकता है। हालांकि इस मामले में यह स्थिति अकेले भारत को लेकर नहीं है। आइएमएफ की ओर से वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को लेकर जनवरी में अनुमान लगाया गया था कि 2024-25 के लिए वृद्धि अनुमान दर 6.8 फीसद रहेगा। लेकिन अब उस पूर्वानुमान को घटा कर 6.3 फीसद कर दिया गया है। जाहिर है, दुनिया भर में उत्पादन और सेवाओं में उपज रही चुनौतियों के मद्देनजर आर्थिक मोर्चे पर जो उतार-चढ़ाव आ रहे हैं, उसी की पृष्ठभूमि से मंदी के संकेत भी सामने आ रहे हैं। इस वैश्विक उथल-पुथल से शायद चाह कर भी कोई देश अछूता नहीं रह सके। जहां तक भारत का सवाल है, आइएमएफ ने आंकड़ों में भारत में आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट की बात तो कही है, इसके बावजूद उसका कहना है कि यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इससे यही पता चलता है कि अगर कोई देश बुनियादी रूप से अपनी जमीन मजबूत रखता है तो उसे अचानक उपजे उथल-पुथल का सामना करने में भी मदद मिलती है। जिस तरह के आर्थिक झटकों से उबरना दूसरे देशों के लिए कई बार बेहद मुश्किल हो जाता है, उसमें भी भारत न केवल हालात का सामना करता है, बल्कि अपनी रफ्तार को स्थिर बनाए रखने में भी कामयाब रहता है।

**Quote...**

"सारे फरिश्ते मुझे ही
मिले है जिंदगी में...
कोई गलती करता ही नहीं
मेरे सिवा...!!"

धर्म-कर्म

# वरुथिनी एकादशी पर 2 दुर्लभ योग का संयोग

## इसमें श्रीहरि की पूजा से सफल होते हैं सारे काम



16 अप्रैल 2023 को वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की वरुथिनी एकादशी है. वैशाख की एकादशी पर जल दान करने का खास महत्व है क्योंकि इस समय गर्मी चरम पर होती है. कहते हैं वरुथिनी एकादशी पर जल से भरा मटका दान करने और राहगीरों के लिए सार्वजनिक स्थल पर प्याऊ लगाने से कई जन्मों के पापों से मुक्ति मिलती है. लक्ष्मी नारायण की कृपा से शरीर स्वस्थ रहता है. इस साल वरुथिनी एकादशी पर अद्भुत योग का संयोग बन रहा है. इन योग में व्रती की पूजा और दान का कई गुना फल प्राप्त होगा. आइए जानते हैं वरुथिनी एकादशी पर पूजा का मुहूर्त, शुभ योग और पूजा विधि.

### वरुथिनी एकादशी 2023 मुहूर्त

**वैशाख कृष्ण एकादशी तिथि शुरु -**
15 अप्रैल 2023, रात 08:45 वैशाख

**कृष्ण एकादशी तिथि समापन -**
16 अप्रैल 2023, शाम 06:14

**पूजा मुहूर्त**
सुबह 07:32 - सुबह 10.45 (16 अप्रैल 2023)

**वरुथिनी एकादशी पारण समय**
सुबह 05:54 - सुबह 08:29 (17 अप्रैल 2023)

### वरुथिनी एकादशी 2023 शुभ योग

वरुथिनी एकादशी पर शुक्ल, ब्रह्म और त्रिपुष्कर योग का संयोग बन रहा है. इन तीनों योग में श्रीहरि की पूजा उत्तम फलदायी मानी गई है. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शुक्ल योग में प्रभू और गुरु की पूजा अक्षय पुण्य देती है, इसमें मंत्र साधना भी सिद्ध होती है. कहते हैं जैसे चांदनी की किरणें स्पष्ट बरसती हैं वैसे ही इस योग में किए गए कार्य में सफलता जरूर मिलती है. वहीं अपने नाम स्वरूप शुभ योग में पूजा और कोई कार्य करने से मनुष्य के मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है. सुख का आगमन होता है.

**शुक्ल योग - 16 अप्रैल 2023, सुबह 03.23 - 17 अप्रैल 2023, सुबह 12.13**

**शुभ योग - 15 अप्रैल 2023, सुबह 06.33 - 16 अप्रैल 2023, प्रातः 03.23**



### वरुथिनी एकादशी पूजा विधि

वरुथिनी एकादशी व्रत करने वाले भक्त को दिन भर अन्न का सेवन नहीं करना चाहिए. जो लोग दिन भर भूखे नहीं रह पाते हैं, वे फलाहार कर सकते हैं. सुबह श्रीहरि को पंचामृत दूध, दही, घी, शकर और शहद मिलाकर स्नान कराएं. ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करें. षोडोपचार विधि से पूजा करें, भोग में तुलसी दल डालें और विष्णु सहस्त्रनाम का जाप करें. राहगीरों को जल दान करें. संभव हो तो इस दिन जरुरतमंदों को छाता का दान करें. इसके बाद अगले दिन द्वादशी पर व्रत का पारण करें.

## Highlights

1. **BJP releases 2nd list of 23 candidates for K'taka Assembly polls**
2. **Delhi govt issues guidelines for schools amid heatwave predictions**
3. **Actor Jamie Foxx hospitalised after medical complication**
4. **Bankrupt FTX considering options to restart exchange: Attorney**
5. **10 police officials hurt in clash during Hanuman Jayanti in Odisha**
6. **Nawazuddin & his brother told to not post anything against each other amid ₹100 cr case**
7. **Moving BMW catches fire on Pune road, off-duty fireman douses it**
8. **Daily COVID-19 cases jump to over 10,000 in India**

# India's retail inflation eases to 5.66% in March from 6.44% in February : Govt Retail inflation

**MUMBAI, (Agency).** fell to a 15-month low of 5.66 per cent in March, mainly due to a decline in food prices, government data showed on Wednesday. The inflation figure in March is within the RBI's comfort zone as it is below 6 per cent.

India's annual retail inflation eased to 5.66% in March from 6.44% the previous month

India's annual retail inflation eased to 5.66% in March from 6.44% the previous month

The retail inflation based on Consumer Price Index (CPI) was 6.44 per cent in February 2023 and 6.95 per cent in the year-ago period.



According to the National Statistical Office, the inflation in the food basket was 4.79 per cent in March, as against 5.95 per cent in February and 7.68 per cent in the year-ago period. The retail inflation rose from 5.7 per cent in December 2022 to 6.4 per cent in February 2023 on the back of higher inflation in cereals, milk and fruits and slower deflation in vegetables prices. Reserve Bank of India has projected the CPI inflation at 5.2 per cent for FY2023-24, with 5.1 per cent in Q1, 5.4 per cent in Q2, 5.4 per cent in Q3, and 5.2 per cent in Q4, and risks evenly balanced.

# TCS smashes Q4 profit view on strong deal momentum: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Tata Consultancy Services Ltd reported a bigger-than-expected rise in fourth-quarter profit on Wednesday as India's top IT exporter saw firm demand for digital services despite a challenging macroeconomic backdrop.

The company's net profit rose 14.8% to 113.92 billion rupees ($1.39 billion) in the three months ended March 31, from 99.26 billion rupees a year earlier.

Analysts on average had expected a profit of 110.13 billion rupees, according to Refinitiv IBES data.

TCS is the first among its peers to report quarterly earnings, setting the tone for an industry that is staring at a recession in its major markets, the U.S. and Europe, and turmoil in the U.S. banking sector.




The company is also seeing a CEO transition, with K Krithivasan taking over as the new CEO on June 1 in place of Rajesh Gopinathan, who resigned in March.

TCS said its order book for the Jan-March period stood at $10 billion, up 28% sequentially, with an "all-time high number of large deals."

"The strength of our order book demonstrates the resilience of demand for our services and gives us visibility for growth in the medium term," Gopinathan said in a statement. Revenue from operations rose about 17% to 591.62 billion rupees.

Rajasthan

# राजस्थान के भरतपुर में मूर्ति लगाने पर बवाल, पुलिस की गाड़ियों पर पथराव और आगजनी

**भरतपुर, (एजेंसी) राजस्थान के भरतपुर में मूर्ति लगाने को लेकर बवाल हो गया. लोगों ने चक्का जाम कर आगजनी की. इस दौरान जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को हटाने पहुंची, तो पुलिस की गाड़ियों पर भी पथराव किया गया. इसके बाद पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े. देर रात तक स्थिति तनावपूर्ण बनी रही.**

दरअसल, विधानसभा चुनाव को देखते हुए भरतपुर में मूर्ति पॉलिटिक्स शुरू हुई है. यहां नदबई से कांग्रेस विधायक जोगेंद्र सिंह अवाना ने अंबेडकर की मूर्ति लगाने का ऐलान किया था. वहीं, जाट समाज भरतपुर संस्थापक महाराजा सूरजमल की मूर्ति लगाने की मांग कर रहे थे. ऐसे में जाट समाज के लोग विधायक के खिलाफ



बुधवार को धरने पर बैठ गए.

इसके बाद जाट समाज के लोगों ने चक्का जाम कर दिया. धीरे धीरे प्रदर्शनकारी उपद्रव करने लगे. यहां आगजनी की गई और जब प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस पहुंची, तो गाड़ियों पर पथराव किया गया. इसके बाद पुलिस ने भी आंसू गैस के गोले दागे. नदबई विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले एक चौराहे पर 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाई जानी थी. लेकिन 12 अप्रैल की शाम को ही जाट समुदाय के लोग यहां इकट्ठा हो गए और चक्का जाम कर दिया. इस दौरान पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया गया और आगजनी भी की गई.पुलिस को भी कार्रवाई करनी पड़ी. इसके बाद प्रदर्शनकारी और पुलिस आमने सामने आ गए.

Punjab

## वैसाखी मनाने श्री खुरालगढ़ साहिब जा रहे श्रद्धालुओं को ट्रक ने कुचला, सात की मौत

**गढ़शंकर/होशियारपुर (पंजाब), (एजेंसी)** पंजाब में बुधवार देर रात करीब डेढ़ बजे एक बड़ा हादसा हो गया। गुरु रविदास के पवित्र स्थान श्री खुरालगढ़ साहिब में वैशाखी मनाने पैदल जा रहे श्रद्धालुओं को ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में सात की मौत हो गई। हादसा खुरालगढ़ मार्ग पर हुआ।



जानकारी के अनुसार वैसाखी के मौके पर संगत श्री खुरालगढ़ साहिब से चरणछोह गंगा पैदल दर्शन करने जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक ने श्रद्धालुओं को कुचल दिया। चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 13 गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल गढ़शंकर ले जाया गया जहां तीन और लोगों ने दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। मृतकों में राहुल (25), सुदेश पाल (48), रामो (15), गीता देवी (40), उन्नति (16) शामिल हैं। सभी मुजफ्फरनगर, यूपी

Punjab

## बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में फिर एक जवान की मौत, अब गलती से गोली लगने से गई जान

**बठिंडा, (एजेंसी)** बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में जवानों की मौत का सिलसिला जारी है। बुधवार को ही एक अन्य घटना में एक और जवान की गलती से गोली चलने से मौत हो गई। एक दिन पहले ही अल सुबह करीब 4 बजे 4 जवानों की मौत हो गई थी। हालांकि, अधिकारी का कहना है कि दोनों ही घटनाओं के आपस में कोई तार नहीं है। फिलहाल, घटना की जांच जारी है। सेना की तरफ से पुलिस को जानकारी दी गई है कि बुधवार को चेतावनी जारी होने के बाद एक जवान अपना हथियार तैयार कर रहा था। उस दौरान गलती से गोली चल गई, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। बठिंडा रेंज एडीजीपी एसपीएस परमार ने जानकारी दी है कि शुरुआती जांच में दोनों घटनाओं के बीच कोई कनेक्शन नहीं मिला है। एजेंसी के अनुसार, बठिंडा में सैन्य स्टेशन पर बुधवार तड़के हुई गोलीबारी में चार सैनिकों की मौत हो गई। इस घटना के बाद उन दो लोगों की तलाश की जा रही है जिन्हें इंसास राइफल और कुल्हाड़ी के साथ घटनास्थल पर देखा गया था। दोनों लोगों ने अपने चेहरे ढंके हुए थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बठिंडा छावनी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा-302 (हत्या) और सशस्त्र अधिनियम के तहत दो अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

Uttarpradesh

## माफिया अतीक के 15 करीबियों के ठिकानों पर ईडी का छापा, 100 करोड़ की बेनामी संपत्तियों का खुलासा

**प्रयागराज, (एजेंसी)** उमेश पाल हत्याकांड में पूछताछ के लिए प्रयागराज लाए गए माफिया अतीक अहमद के आर्थिक साम्राज्य पर बुधवार को एक बड़ी चोट हुई। उस पर दर्ज मनी लांड्रिंग केस की जांच में जुटी प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने बसपा के पूर्व विधायक आसिफ जाफरी समेत उसके 15 करीबियों के ठिकानों पर एकसाथ छापे मारे। इनमें शहर के नामचीन बिल्डर संजीव अग्रवाल, कार शोरूम मालिक दीपक भार्गव और चायल के पूर्व विधायक आसिफ जाफरी के अलावा अतीक के एकाउंटेंट भी शामिल



हैं। इस दौरान एक करोड़ नकद, गहने व संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए। साथ ही अबतक की छानबीन में 100 करोड़ की बेनामी संपत्तियों का भी खुलासा हुआ है। कार्रवाई देर शाम तक जारी थी। प्रवर्तन निदेशालय की अलग-अलग टीमें सुबह अतीक के करीबियों के ठिकानों पर धमक पड़ीं। करेली, लूकरगंज, धूमनगंज के साथ ही सिविल लाइंस स्थित माफिया के करीबियों के ठिकानों पर पहुंचकर अफसरों ने कार्रवाई शुरू की तो हड़कंप मच गया। टीमों ने चिह्नित लोगों के घरों के साथ ही कार्यालयों पर भी छापा मारा। यहां सबसे पहले पूरे परिसर को कब्जे में ले लिया गया। प्रवेशद्वार बंद कर दिए गए और बाहर सीआरपीएफ के जवान तैनात कर दिए गए। इसके बाद तलाशी ली गई।

खेल

# संजू सैमसन पर लगा लाखों का जुर्माना, CSK के खिलाफ कर बैठे ये गलती

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स को बुधवार रात महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 3 रनों से जीत तो मिली, मगर मैच के दौरान कप्तान संजू सैमसन गलती कर बैठे। इस गलती की वजह से उन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। दरअसल, सीएसके खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की टीम तय समय में अपने कोटे के 20 ओवर पूरे नहीं कर पाई थी जिस वजह से स्लो ओवर रेट के चलते कप्तान पर फाइन लगाया गया है। टीम की यह पहली गलती थी जिस वजह से कप्तान पर ही जुर्माना लगाया गया है, अगर दूसरी बार राजस्थान ऐसी गलती करता है तो अन्य खिलाड़ियों को भी हर्जाना भुगतना पड़ सकता है।



आईपीएल ने अपनी प्रेस रिलीज में लिखा 'राजस्थान रॉयल्स पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के 17वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बुधवार को चेपॉक के एमए चिदंबरम स्टेडियम में स्लो ओवर-रेट बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। जैसा कि आईपीएल की आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित यह टीम का सीजन का पहला अपराध था, कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।'

आईपीएल में स्लो ओवर रेट के चलते जुर्माना झेलने वाली राजस्थान रॉयल्स दूसरी टीम बनी है। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर भी 12 लाख का जुर्माना लगाया जा चुका है। लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ आरसीबी को स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया था।

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। जोस बटलर के अर्धशतक के दम पर आरआर की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर बोर्ड पर 175 रन लगाने में कामयाब रही थी। इस स्कोर के सामने चेन्नई 20 ओवर में 172 ही रन बना पाई। धोनी और रविंद्र जडेजा की जोड़ी ने अंत में टीम को जीताने की पूरी कोशिश की, मगर वह विफल रहे। आरआर ने यह मैच 3 रनों से जीता।

सिनेमा

# एक्ट्रेस उत्तरा बावकर का निधन, लंबे समय से थीं बीमार



टीवी और फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस उत्तरा बावकर का निधन हो गया है. उत्तरा 79 साल की थीं और पिछले एक साल से बीमारी से जूझ रही थीं. अपनी बीमारी से लड़ाई के बाद उन्होंने पुणे के एक अस्पताल में मंगलवार, 11 अप्रैल को आखिरी सांस ली. बुधवार, 12 अप्रैल को उनका अंतिम संस्कार किया गया था. ये जानकारी एक्ट्रेस के परिवार से जुड़े सूत्र ने दी है. नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में उत्तरा बावकर ने अभिनय की बारीकियों को सीखा था. थिएटर के कई बढ़िया नाटकों में उन्होंने काम किया था. इसमें 'मुख्यमंत्री', 'मीना गुर्जरी', शेक्सपियर का लिखा 'ओथेलो' और गिरीश कर्नाड का लिखा 'तुगलक' शामिल है. इन सभी नाटकों में अपने अभिनय से उत्तरा ने एक्टिंग टैलेंट का लोहा मनवाया था. थिएटर में अपने बेहतरीन काम के लिए उन्हें 1984 में संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड भी मिला.

फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें पहचान डायरेक्टर गोविंद निहलानी की फिल्म 'तमस' ने दिलाई. इसके बाद आई डायरेक्टर मृणाल सेन की फिल्म 'एक दिन अचानक' जिसमें उत्तरा बावकर को एक्ट्रेस शबाना आजमी के साथ देखा गया. इसमें उनकी परफॉरमेंस की खूब सराहना हुई थी. फिल्म में अपने काम के लिए उत्तरा ने बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीता था.

# महिला को लगाई 25 लाख की चपत

## क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को धरदबोचा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खुद को भोपाल पीएचई विभाग का एजेंट बताकर 25 लाख से ज्यादा की ठगी करने वाली गैंग के दो बदमाशों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी प्रकाश गोयल और वेद भटनागर उर्फ सौरभ राव दोनों निवासी देवास हैं।**

आरोपियों ने राधिका सेल्स के नाम से सबमर्सिबल पंप का व्यापार करने वाली एक महिला से उनकी दूसरी फर्म जीत पंप प्राइवेट लिमिटेड को भोपाल पीएचई विभाग में रजिस्टर करवाने का बोलकर 25 लाख रुपए ठग लिए थे। महिला की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने पड़ताल में पाया कि इनका विभाग से कोई लेना-देना नहीं है। ये खुद को वहां के एजेंट बताकर फर्जीवाड़े करते हैं।

एक आरोपी प्रकाश गोयल खुद आवेदिका की फर्म में काम करता था। इसी ने दूसरे आरोपी वेद को एजेंट बताकर मिलवाया था। 25 लाख देने के बाद भी रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ तो महिला ने विभाग की वेब साइट सर्च की तो पता चला दोनों ने फर्जीवाड़ा किया है।

### यहां भी दो जगह ठगी

सतीश पिता जयनारायण निवासी स्कीम नंबर 94 की रिपोर्ट पर गोपाल पिता नंदकिशोर जायसवाल निवासी मरी माता चौराहा ड्राइवर माखन पिता राजकुमार और दलाल नंदलाल अजमेरा निवासी विद्या पैलेस के खिलाफ भंवरकुआं पुलिस ने धारा 420 और 406 का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी सतीश बंसल का ट्रांसपोर्ट नगर में विनायक ट्रांसपोर्ट के नाम से दुकान है। फरियादी सतीश बंसल ने 13 अगस्त 20 22 को आरोपियों को ट्रक में दाल भेजने के लिए गोवा भेजा था लेकिन आरोपियों ने यह दाल वहां नहीं भेजते हुए उसकी अफरा-तफरी कर दी। इसी प्रकार फरियादी राहुल जैन निवासी कालानी नगर के साथ ठग ने ऑनलाइन 65 हजार रुपए की धोखाधड़ी की है। राहुल के मुताबिक वह सिविल इंजीनियर है और उसके पास मोबाइल पर एक युवक का फोन आया और उसने लिंक पर क्लिक करने को कहा मैंने जैसे ही क्लिक किया तो खाते से 65 हजार रुपए ठग ने निकाल लिए।

# नशेड़ी बदमाशों ने किया चाकू से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लैस दो बदमाशों ने एक युवक को रोका और नशीला पावडर पीने के लिए 10 हजार रुपए की मांग की। युवक के मना करने पर बदमाशों ने उसे पीटा और चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से भाग गए। लसूडिय़ा इलाके में घटना मंगलवार की रात विंध्यवासिनी माता मंदिर के पास निरंजनपुर में हुई। घायल युवक का नाम अनुज पिता त्रिलोकीनाथ यादव निवासी निरंजनपुर नई बस्ती है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी सौरभ बिहारी निवासी स्कीम नं. 114 और दीपक निवासी फोनिक्स टाउनशिप के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि दोनों आरोपियों ने मुझे रोका और दादागीरी कर बोले कि हमें पाउडर का नशा करना है, इसके लिए 10 हजार रुपए दो। जब उन्हें कहा कि मेरे पास पैसा नहीं है और मैं क्यों दूं पैसा। इस पर बदमाशों ने गालियां दी और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान मुझे नुकीली चीज से पैर में वार कर दिया और हॉकी से भी पीटा। आसपास के लोग एकत्र हुए तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और भाग गए। पुलिस ये घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# जाम गेट पर तेंदुए का मूवमेंट

## कार चालक ने बनाया वीडियो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू तहसील के ग्राम बुरालिया घोड़ाखुर्द में 8 अप्रैल को एक घर में तेंदुआ घुस गया था। इसके बाद एक बार फिर महू तहसील में आने वाले जाम गेट पर तेंदुए का मूवमेंट दिखाई दिया। दरअसल, मगंलवार देर रात जाम गेट से निकल रहे कुछ लोगों ने अपने मोबाइल में तेंदुए को रोड पार करते हुए वीडियो कैद किया। गाड़ी की लाइट पड़ते ही तेंदुआ कुछ देर के लिए रोड पर ही बैठ गया। इसके बाद लोगों ने महू वन विभाग को मामले की जानकारी दी।**

### दो कुत्तों का किया शिकार

वन विभाग के डिप्टी रेंजर पवन जोशी ने बताया कि जानकारी लगते ही स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। आसपास के लोगों से बात की। लोगों ने बताया कि पहले तेंदुए ने जाम गेट के पास में बनी एक दुकान के बाहर बैठे पालतू कुत्ते पर हमला किया, लेकिन कुत्ता बच गया। जब आसपास के क्षेत्र में छानबीन की गई तो पता चला इस तेंदुए ने दो कुत्तों का शिकार किया है। वन विभाग ने जाम गेट क्षेत्र के जंगल में केमरे लगाए हैं और छानबीन कर रहे हैं।

# युवकों में विवाद, जमकर चले लात-घूंसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दुकान पर चाय पीने गए युवकों के दो पक्षों के बीच हुए विवाद में जमकर मारपीट हो गई। दोनों ओर से लात-घूंसे चले वहीं रॉड से भी हमला हुआ। हमले में 5 युवक घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है।**

एमआइजी पुलिस के अनुसार मारपीट की घटना मंगलवार की रात एबी रोड पर हाउस ऑफ चाय दुकान के पास हुई। एक पक्ष से अभिषेक पिता बिरजू सरोज निवासी संजय गांधी नगर की रिपोर्ट पर आरपी अमित तोमर, अमन मालवीय और अन्य सांथी पर केस दर्ज किया गया। अभिषेक ने बताया कि मैं अपने दोस्तों के साथ हाउस ऑफ चाय पर चाय पी रहा था। तभी अमित ने अमन को धक्का दिया। इससे अमन मेरे ऊपर गिर गया। जब आरोपियों को देखकर चलने का बोला तो वे गालियां देने लगे। मैंने गालियां देने से मना किया तो उन्होंने लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। मेरे दोस्त व भाई मुझे बचाने आए तो एक आरोपी ने हाथ में पहने कड़े से मेरे दोस्त सागर बामनिया के सिर में वार कर घायल कर दिया। अमित ने मेरे सिर पर लोहे की रॉड मार दी जिससे चोट आई।

दूसरे पक्ष से अमन पिता दुर्गेश मालवीय निवासी देवी इंदिरा नगर (पलासिया) की ओर से आरोपी अभिषेक, साहिल और अन्य साथी पर केस दर्ज किया गया। अमन का कहना था कि वह दोस्तों के साथ चाय पीने गया था तो दोस्त अमित का वहां पर पहले से बैठे अभिषेक, साहिल से कहा-सुनी हो रही थी। मैंने समझाने की कोशिश की तो आरोपियों ने मुझे धक्का दिया जिससे मैं अभिषेक के ऊपर गिर गया था। इस पर आरोपियों ने हमला कर दिया। साहिल ने शटर उठाने वाले लोहे के हेंडल से मेरे साथ ही तरुण और रजत पर वार कर दिए। इससे तीनों घायल हो गए।

# रंजिश में भिड़े दो परिवार, चार घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रंजिश के चलते दो परिवारों के बीच में विवाद हो गया। इसके बाद जमकर हथियार और पत्थर चले। इस दौरान हुई मारपीट में चार लोग घायल हो गए हैं। विवाद की सूचना पर पुलिस का दल पहुंच गया और स्थिति संभाली**

जानकारी के अनुसार खजराना इलाके में रहने वाले आसिफ राजा (21), शहनाज (38), जावेद पिता हबीब (26) और सलमान पिता हबीब (22) को मंगलवार को घायल हालत में बड़े अस्पताल लाया गया। घायलों को चाकू की चोट लगी है। टीआइ दिनेश वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच में रंजिश चली आ रहा है। कल एक-दूसरे को घूरने की बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद उनके बीच में मारपीट हो गई। इसके बाद एक पक्ष ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें यह लोग घायल हो गए है। इस दौरान घरों पर पथराव भी किया गया। इसके खिड़की के कांच फूट गए हैं। विवाद की सूचना पर पुलिस का दल वहां पहुंच गया। पुलिस ने घायलों के बयान के आधार पर केस दर्ज किया है और कार्रवाई की जा रही है।

# युवती से लूटा मोबाइल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मूसाखेड़ी रोड पर मंगलवार की रात पुलिस पंप के सामने एक युवती से मोबाइल लूट लिया गया। थाना आजाद नगर पुलिस के मुताबिक घटना भूमिका पिता घनश्याम निवासी अमन नगर के साथ हुई। युवती ने पुलिस को बताया कि रात करीब 11 बजे वह अपने मोबाइल पर बात करते-करते पैदलपैदल घर जा रही थी। उसी दौरान एक बदमाश वहां अचानक पीछे से पहुंचा और उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर भाग गया। उसने शोर मचाया तो आसपास के राहगीर एकत्र हुए लेकिन तब तक बदमाश तेजी से गायब हो गया। पुलिस ने आरोपी के हुलिए और आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश शुरू कर दी है।

# ड्राइवर ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राजेंद्र नगर में एक टैक्सी ड्राइवर पवन पिता मांगीलाल (32) ने सुसाइड कर लिया। उसके पिता ने समग्र आईडी से उसका नाम बाहर करवा दिया था। इससे पवन दुःखी थी। सूचना मिलने पर पुलिस उसके घर पहुंची। यहां से शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस पिता सहित परिवार के अन्य सदस्यों के बयान लेगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।